**प्रेस विज्ञप्ति** **07-01-2021**

**<u>आईटीआई लिमिटेड में निदेशक(विपणन) के रूप में श्री राकेश चंद्र तिवारी (आईटीएस) ने कार्यभार ग्रहण किया।</u>**

**बेंगलूरु, 07 जनवरी 2021 : श्री राकेश चंद्र तिवारी ने 07 जनवरी, 2021 से आईटीआई के निदेशक (विपणन) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।**

1985 बैच के भारतीय दूरसंचार सेवा अधिकारी, श्री तिवारी, के पास टेलीकॉम मैनेजमेंट, स्विच इंस्टालेशन, क्वालिटी एश्योरेंस, नेटवर्क प्लानिंग एंड ऑपरेशंस, प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन, एंटरप्राइज बिजनेस डेवलपमेंट, फिक्स्ड लाइन सर्विसेज के मार्केटिंग आदि में 3 दशकों से भी अधिक वर्षों का समृद्ध और व्यापक अनुभव है।

आईटीआई लिमिटेड में शामिल होने से पहले, श्री तिवारी बीएसएनएल में प्रधान महाप्रबंधक के रूप में एंटरप्राइज बिजनेस पोर्टफोलियो के कार्य को संभाल रहे थे। नेटवर्क फॉर स्पेक्ट्रम (एनएफएस) और भारतनेट जैसी प्रतिष्ठित परियोजनाओं को संभालने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने अहमदाबाद और जलगाँव में कई सेमिनार और कौशल विकास पाठ्यक्रमों का आयोजन भी किया है। उन्हें दूरसंचार विभाग / बीएसएनएल में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'संचार सारथी' के रूप में भी सम्मानित किया गया है।

श्री तिवारी, आरईसी कुरुक्षेत्र से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने एमडीआई गुरुग्राम से पीजीडीएम किया है जिसमें राष्ट्रीय प्रबंधन कार्यक्रम (एनएमपी) भी शामिल है। कालांतर में उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र प्रबंधन में विशेषज्ञता विषय पर आईआईएम अहमदाबाद से पीजीपी-पीएमपी पूरा किया । उन्होंने मणिपाल सिक्किम विश्वविद्यालय से एचआर में एमबीए की डिग्री भी प्राप्त की है।